टनभार में संगततौर से समंजित किया जायेगा। अतः 40 लाख जी० आर० टी० के सम्पूर्ण लक्ष्य में कोई परिवर्तन नहीं हो सकता है।

(ग) 1-3-1970 को भारतीय व्यापारी बेड़े में 3.07 लाख जी० आर० टी० के तटीय पोत और 20.22 लाख जी० आर० टी० के समुद्र पार गामी पोत है अर्थात् कुल 23.29 लाख जी० आर० टी।

(घ) जहां तक गहरे समुद्रगामी माल पोतों का संबन्ध है, इस समय उन का निर्माण केवल हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड, विशाखापत्तनम, कर रहा है। उसकी अनुमानित क्षमता अब प्रत्येक 12500 डी० डब्ल्यू० टी० के 3 जहाजों की है अर्थात लगभग 37500 डी० डब्ल्यू० टी० वार्षिक। माजगांव डाक लिमिटेड, बम्बई के पास भी गहरे समुद्रगामी जहाजों के निर्माण के लिए एक बर्थ उपलब्ध है। चालू योजना काल में इस यार्ड में 2 यात्री पोत बनाने का प्रस्ताव है।

(ङ) जहां तक जहाजों के देशी निर्माण का सम्बन्ध है इसके लिए सरकार द्वारा किये गये उपाय नीचे दिये जा रहे हैं:—

(1) हिन्दुस्तान शिपयार्ड की क्षमता को 12500-14500 डी० डब्लू० टी० के 6 जहाज तक बढ़ाने का विचार है अर्थात् लगभग 80000 डी० डब्लू० टी० प्रति वर्ष।

(2) माजगांव डाक लिमिटड पर उपलब्ध क्षमता को आवश्यकता के अनुसार यात्री व माल पोत के निर्माण के लिए प्रयुक्त किया जाना बना रहेगा।

(3) गार्डन रीच वर्कशाप, कलकत्ता, की क्षमता का विस्तार करने का प्रस्ताव है ताकि यह लगभग 15000 डी० डब्यू० टी० के गहरे समुद्रगामी जहाज निर्माण कर सके।

(4) कोचीन में एक नया शिपयार्ड-निर्माण मंजूर कर दिया गया है। यह प्रतिवर्ष प्रत्येक 66000 डी० डब्लू० टी० के दो जहाज बना सकेगा।

जहां तक विदेशों से जहाज खरीदने का प्रश्न है, भारतीय पोत मालिक स्वयम् उपयुक्त ऋण सुविधाएं प्राप्त करने का प्रयत्न करते हैं और तब सरकार से मंजूरी मांगते है। तथापि जहां कहीं शक्य होता है, भारत सरकार विदेशों से "सप्लायरस क्रेडिट" प्राप्त करने में उनकी सहायता करती है और ऐसे जहाजों को खरीदने के लिए विदेशी मुद्रा में भुगतान करने के लिए उन्हे कुछ प्रशासन से प्रशासन ऋणों का उपयोग करने की अनुमति देती है।

Anti-Indian Literature from China

4966. SHRI S. M. SOLANKI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the Government of India are aware of the fact that the anti-Indian Literature from China is regularly circulated in the India-China border; and

(b) if so, the steps taken to check its circulation?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) The Government have no such information.

(b) Does not arise.

आसनसोल कोयला खान में पुलिस द्वारा गोली चलाया जाना

4967. श्री रमेश चन्द्र व्यास: क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि 25 फरवरी, 1970 को आसनसोल कोयला खान में दोनों साम्यवादी दलो के बीच संघर्ष से उत्पन्न स्थिति पर नियन्त्रण करने के लिये पुलिस ो गोली चलानी पड़ी थी;

(ख) पुलिस द्वारा गोली चलाये जाने के परिणामस्वरूप कितने श्रमिक घायल और मारे गये; और